प्रेस नोट- थाना अल्हागंज
जनपद शाहजहाँपुर
दिनांक- 04.11.2026

थाना अल्हागंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अल्हागंज के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम, चोरी-लूट-अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण व अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी के क्रम में थाना अल्हागंज पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 03.04.2026 को वादी द्वारा अपने मोबाइल छीनने के संबंध में थाना अल्हागंज पर दी गई तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० 222/26 धारा 304(2) बीएनएस बनाम 03 नफर पंजीकृत किया गया था, । दौराने विवेचना मुखबिर की सूचना पर दिनांक 04.11.26 को पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित 02 बाल अपचारियों (1- उम्र करीब 14 वर्ष एवं 2. उम्र करीब 17 वर्ष) को फर्रुखाबाद हाईवे से मऊ शाहजहाँपुर जाने वाले रास्ते पर हुल्लापुर गांव जाने वाली पुलिया के पास से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल सहित समय करीब 02:57 बजे पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के संबंध में धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। बाल अपचारियों के कब्जे से घटना में छीना गया लावा कंपनी का मोबाइल फोन एवं 300 रुपये बरामद हुए । जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। दोनों बाल अपचारियों को नियमानुसार मा0 किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

- मु0अ0सं0- 222/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।

अभिरक्षा का दिनाँक,समय व स्थान का विवरण:-

- दिनांक-04.11.26 को समय करीब 02.57 बजे, फर्रुखाबाद हाईवे से मऊ शाहजहाँपुर जाने वाले रास्ते पर हुल्लापुर गाँव को जाने वाली पुलिया के पास से।

बरामदगी का विवरण:-

- 1 अदद मोबाइल फोन लावा कम्पनी
- 300 रूपये नकद
- 1 अदद टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल (धारा 207 मो0वा0अधि0 के तहत कार्यवाही)

अभिरक्षा में लेने वाली टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 इमरान खान, थाना अल्हागंज, जनपद शाहजहाँपुर
2. हे0का0 धीरज सिंह
3. का0 पंकज कुमार
4. का0 प्रवेश कुमार
5. का0 विशाल कुमार,
6. म0का0 शिवानी